तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 16 जून 2026

4 एनटीपीसी लारा ने पांच साल में ढाई सौ बालिकाओं को दी सशक्त भविष्य की उड़ान





## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**रायगढ़।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन 2.0 की अद्यतन प्रगति पर संलग्न एजेण्डावार विस्तृत चर्चा के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 16 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### नीट यूजी परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**रायगढ़।** नीट यूजी 2026 के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। परीक्षा संबंधी शिकायतों, सूचनाओं एवं आवश्यक समन्वय के लिए यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में कक्ष क्रमांक.42 में नियंत्रण कक्ष संचालित किया जा रहा है। इसके लिए दूरभाष क्रमांक 07762.223750 जारी किया गया है, जिस पर अभ्यर्थीए पालक एवं आम नागरिक परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा आवश्यक शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। नियंत्रण कक्ष के निर्बाध संचालन के लिए 22 जून 2026 तक नगर सैनिकों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम एवं द्वितीय पाली में कर्मचारियों की तैनाती कर चौबीसों घंटे निगरानी और सूचना संप्रेषण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### फर्जी पहचान से ट्रेलर हड़पने वाला गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने करीब दो साल पुराने ट्रेलर धोखाधड़ी मामले का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फर्जी नाम और नकली दस्तावेजों के सहारे ट्रेलर वाहन किराये पर लिया और बाद में उसे रायपुर में बेचकर लाखों रुपए हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, जबकि उसका साथी अभी भी फरार है। जानकारी के अनुसार गोरखा निवासी वाहन मालिक हरदीप सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने खुद को राकेश डनसेना बताकर ट्रेलर वाहन किराए पर लेने की इच्छा जताई थी। दोनों के बीच मासिक 80 हजार रुपये किराया तय हुआ और लिखित किरायानामा भी तैयार किया गया। भरोसा जीतने के लिए आरोपी ने बैंक का ब्लैंक चेक भी दिया था। वाहन मिलने के कुछ ही दिनों बाद आरोपी का मोबाइल बंद हो गया। न तो किराया मिला और न ही ट्रेलर वापस किया गया। संदेह होने पर वाहन मालिक ने स्वयं जांच.पड़ताल की। जिसमें सामने आया कि कथित राकेश डनसेना का असली नाम सुदामा प्रधान उर्फ छोटू है और उसने झूठी पहचान के जरिए पूरी साजिश को अंजाम दिया था। कोतरारोड़ पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। लगातार निगरानी और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथी गुरप्रीत सिंह के साथ मिलकर पहले से ही ट्रेलर बेचने की योजना बना रखी थी। दोनों ने एनटीपीसी में वाहन चलाने का झांसा देकर वाहन मालिक को विश्वास में लिया और फर्जी किरायानामा तैयार कर ट्रेलर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद ट्रेलर वाहन को रायपुर ले जाकर करीब 5.20 लाख रुपये में बेच दिया गया। बिक्री से मिली रकम दोनों आरोपियों ने आपस में बांट ली।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 22 को

**रायगढ़।** अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक 22 जून को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## फिर भी गुणवत्ता सुधार का दावा, सीधी भर्ती से भी नहीं भर पा रहे शिक्षकों का पद

# किताब ना भवन, अधूरी तैयारी के साथ आज खुलेंगे ज्ञान के मंदिर के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करीब 45 दिनों बंद के बाद आज ज्ञान के मंदिर का पट खुलेंगे। हालांकि यहां ज्ञान बांटने के लिए न तो किताबें पहुंची है, न ही बच्चों को बैठने के लिए सुविधायुक्त भवन की व्यवस्था है। ऐसे में अधूरी तैयारी के साथ आज स्कूल तो खुलेंगे, लेकिन बच्चों को बैंरग लौटना पड़ेगा, किताबें नहीं मिलेगी। ड्रेस जरुर पहुंचने की बात कही जा रही है, लेकिन 26 सौ से अधिक शिक्षकों की कमी भी है।

**खास बात**

- जिले में 200 सौ से अधिक जर्जर स्कूल, 26 सौ से अधिक शिक्षकों की कमी

सिस्टम की नाकामी कहें या फिर शिक्षा को लेकर बरती जा रही लापरवाही से बच्चों का भविष्य खराब होने का संदेह उत्पन्न होने लगा है। कारण आज से स्कूल तो खुलेंगे, लेकिन इसके लिए कोई तैयारी नहीं है। अब तक पूरी किताबें वितरण नहीं हो सका है। केवल हाई स्कूल के ही किताब पहुचे हैं। अग्रेजी मीडियम की कोई भी किताब यहां नहीं पहुंची है। कक्षा पहली से आठवीं तक किसी स्कूल में किताबें पहुंची तो किसी में नहीं। माना जा रहा है कि अधिकांश स्कूलों में पुस्तकें नहीं पहुंची है। दिलचस्प बात यह है कि जिले में दो सौ से अधिक स्कूल जहां जर्जर हैं। वहीं उनके सुधार के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। मांग करने से करीब 81 स्कूलों को प्राथमिकता के तौर पर मरम्मत या नए निर्माण की स्वीकृति बस दी गई है। काम कब तक चालू होंगे यह कह पाना मुश्किल है। दूसरी ओर जिले के स्कूलों में 26 सौ से अधिक शिक्षकों की कमी है। इसमें प्राचार्य से लेकर सहायक शिक्षक तक शामिल हैं। ऐसे हालात में शिक्षा सत्र शुरु होने के बाद भी इसका लाभ बच्चों को मिलेगा यह तो कदापि संभव नहीं है। एकल शिक्षकीय स्कूलों की संख्या भी 100 से अधिक है। ऐसे में आज स्कूल तो खुल जाएंगे, लेकिन केवल फार्मेल्टी के लिए। खास बात यह है कि जो किताबें आई है उसमें करीब 10हजार तो फटी हुई हैं।



### प्राइवेट स्कूलों को जुलाई में मिलेगा सरकारी किताब

जिले के सरकारी स्कूलों में वितरण होने वाली किताबें तो किसी तरह संकुलों तक पहुंचाई गई है, लेकिन प्राइवेट स्कूलों को तो जुलाई में ही किताब मिलेगा। जिले में करीब 300 प्राइवेट स्कूलों को किताबों का वितरण किया जाना है। इसमें केवल रायगढ़ ब्लॉक के प्राइवेट स्कूलों को ही इस महीने के आखिरी में वितरण किया जाएगा। इसके बाद अन्य 6 ब्लॉकों में संचालित प्राइवेट स्कूलों को जुलाई में किताबें दी जाएगी।

### आदिवासी ब्लॉकों की उपेक्षा, 50 फीसदी शिक्षकों की कमी

आदिवासी ब्लॉकों पर शिक्षा विभाग की नजरें इनायत नहीं हो पा रही है। इस वजह से जिले के पांच ब्लॉकों प्राचार्य से लेकर सहायक शिक्षक तक करीब 1910 पद खाली हैं। पांच आदिवासी ब्लॉकों में प्राइमरी से लेकर हायर सेंकेडरी तक एचएम और प्राचार्य और सहायक शिक्षक से लेकर शिक्षक, व्याख्याता तक 6117पद स्वीकृत है। इसमें 4207 जहां भरे हैं। वहीं 1910 पद खाली है। बीते 1 नवंबर 2025 की स्थिति में जो जानकारी शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गई थी उसके मुताबिक यह आंकड़ा तो काफी डरावने हैं। इसी तरह सामान्य ब्लॉक पर गौर करें तो 720 पद खाली है। इन दो ब्लॉकों में 3128 पद स्वीकृत हैं। इसमें 2408 पद जहां भरे हैं। वहीं 720 रिक्त हैं। ऐसे में देखा जाए तो शिक्षा विभाग आदिवासी ब्लॉकों को पूरी तरह से नजर अंदाज करके चल रही है। यह तो केवल प्रमोशन के पद हैं, सीधी भर्ती के पद भी खाली हैं।

### अभी समय नहीं

कक्षा पहली से आठवीं की किताबों का वितरण अभी बचा हुआ है। किताबों का पूर्ण विवरण स्कूलों में नहीं हो सका है। कितना समय लगेगा नही बता सकते। अभी पूरी जानकारी देने का समय नहीं है।

**कौशलेंद्र शर्मा , डिपो प्रभारी**
पाठ्य पुस्तक निगम

## 22 लीटर अवैध शराब जब्त




**रायगढ़।** कोतवाली और खरसिया पुलिस ने अलग.अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कुल 22 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के उर्दना में मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक आम बगीचा के पास बड़ी मात्रा में महुआ शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास रखे जरीकेनों से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। साथ ही शराब बिक्री से प्राप्त नकदी भी जब्त की गई। वहीं दूसरी ओर खरसिया पुलिस ने ग्राम कुनकुनी के पास कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में पकड़ा। जांच के दौरान उसके थैले से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली। पूछताछ में आरोपी ने शराब बिक्री के उद्देश्य से ले जाने की बात स्वीकार की। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चेन स्नेचिंग गिरोह का भंडाफोड़,पांच महिलाओं समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साप्ताहिक हाट बाजारों में महिलाओं और ग्रामीणों को निशाना बनाकर झपटमारी व पाकेटमारी करने वाले अंतरजिला गिरोह का लैलूंगा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह की पांच महिला सदस्यों समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने की चेन, एक इको वाहन और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब सात लाख रुपए बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार 13 जून को लैलूंगा के हाट बाजार में सेवानिवृत्त शिक्षिका मरियम टोप्पो अपने पति के साथ सब्जी खरीदने पहुंची थीं। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। घटना के बाद बाजार में मौजूद पुलिस जवानों को सूचना दी गई, जिन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध महिला को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि पकड़ी गई महिला किसी अकेली वारदातकर्ता नहीं बल्कि एक संगठित गिरोह का हिस्सा है। इसके बाद पुलिस ने एक अन्य आरोपी को हिरासत में लिया। दोनों से मिली जानकारी के आधार पर पूरे गिरोह का नेटवर्क सामने आया। जांच में पता चला कि बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र से यह गिरोह विशेष रूप से ग्रामीण हाट.बाजारों और मेलों में वारदात करने आता था। गिरोह के सदस्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं और बुजुर्गों को निशाना बनाकर सोने के जेवर और नकदी पार कर देते थे। वारदात के बाद सभी सदस्य अलग.अलग स्थानों पर चले जाते थेए जिससे उनकी पहचान और गिरफ्तारी मुश्किल हो सके। जिसके बाद पुलिस ने जशपुर, सरगुजा और बलरामपुर पुलिस से समन्वय स्थापित किया। इसके बाद देर रात जशपुर में दबिश देकर गिरोह की चार अन्य महिला सदस्यों को भी हिरासत में लिया गया। सभी आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीड़िता की करीब 18 ग्राम वजनी सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त इको वाहन और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद सामग्री की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपए आंकी गई है। लैलूंगा थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सभी को न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।




## 12 साल सेवा, सुशासन और जनविश्वास के : अमर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूर्व मंत्री बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने सोमवार को मोदी सरकार के 12 वर्षों के स्वर्णिम कार्यकाल की उपलब्धियों को मीडिया से साझा किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के विश्वास की यात्रा का स्वर्णिम अध्याय ने देश की दशा दिशा बदली है।

देश की जनता ने बार-बार साबित किया है कि जब निर्णय राष्ट्रहित में लिए जाएं जब सरकार शासन नहीं सेवा का माध्यम बने तब जनता उसका साथ भी देती है और भरोसा भी व्यक्त करती है। वरिष्ठ भाजपा नेता अमर अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की यात्रा भारत की जनता और नेतृत्व के बीच बने उस अटूट विश्वास की कहानी है, जिसने राजनीति में एक नया मिथक स्थापित किया है। यह विश्वास प्रचार से नहीं, कठिन समय में लिए गए निर्णयों राष्ट्रहित सर्वोपरि की नीति और जनता से सीधे संवाद से बना है। जनविश्वास से जनादेश तक की बातों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 में जनता ने पहली बार मोदी को आशीर्वाद देकर देश सेवा के लिए दिल्ली भेजा। 2019 में यह विश्वास और मजबूत होकर सामने आया। 2024 में लगातार तीसरी बार शपथ के बाद प्रधानमंत्री ने पहली फाइल पर हस्ताक्षर किया तो वह किसान कल्याण की थी। पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने की मंजूरी। यही संदेश है सरकार का पहला अधिकार गरीब किसान, युवा और महिलाओं का है। 12 साल में भारत में हुए कायाकल्प का ब्यौरा देते हुए श्री अग्रवाल ने किसान का सम्मान, आय में वृद्धि का आंकड़ा बताया। किसान निधि से देश के 11 करोड़ किसानों को सालाना 6000 रुपए सीधे खाते में। धान 1,360 रुपए से बढ़कर 2,300 क्विंटल फसल बीमा से 8,500 करोड़ रुपए का क्लेम। केसीसी 24 लाख किसानों को 4 प्रतिशत ब्याज पर लोन।

12 सालों तक सुरक्षा के लिए ऐसे मापदंड अपनाए गए जिससे आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की तस्वीर में रंगे भर सके। सर्जिकल स्ट्राइकए बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए यह साबित हुआ कि नया भारत निर्णायक कार्रवाई में विश्वास करता है। रक्षा उत्पादन 46,429 करोड़ से बढ़कर 1.54 लाख करोड़ रुपए का हो गया। रक्षा निर्यात 686 करोड़ से 38,400 करोड़ का पहुंचा। 65 प्रतिक्षत रक्षा उपकरण अब स्वदेशी है तेजस आईएनएस विक्रांत, ब्रह्मोस मेड इन इंडिया की पहचान है। स्वास्थ्य और स्वच्छता के संबंध में अमर अग्रवाल ने कहा आयुष्मान भारत से 55 करोड़ लोगों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज का फायदा मिल रहा है।




## मोदी सरकार का सीधा जुड़ाव है जनता सेः हर्षिता

**सारंगढ़।** भाजपा प्रदेश मंत्री एवं पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष हर्षिता पांडेय ने सारंगढ़ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार का सीधा जुडाव आम जनता से है।

उन्होंने मोदी सरकार के 12 साल के उपलब्धियों को सामने रखते हुए कहा कि मोदी सरकार का सीधा जुड़ाव आम जनता से है और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रहा है।

हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को सीधे आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले योजनाओं की राशि लाभार्थियों तक पहुंचने से पहले कई स्तरों पर बंट जाती थी, लेकिन प्रत्यक्ष लाभ अंतरण यानी डीबीटी व्यवस्था लागू होने के बाद राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंच रही है। उन्होंने केंद्र सरकार की सुरक्षा और रक्षा नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सेना को मजबूत बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने के कारण भारत की स्थिति वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है। देश की सुरक्षा व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक सशक्त हुई है। भाजपा प्रदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों लोगों को आवास और शौचालय सुविधा मिलने की बात कही।

## 13 लाख का संदिग्ध कच्चा आयरन जब्त, दो के खिलाफ कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में अवैध कबाड़ और औद्योगिक सामग्री के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत चक्रधरनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 13 लाख रुपये मूल्य की पॉयलट गोली ;कच्चा आयरनद्ध और एक ट्रेलर वाहन जब्त किया है। पुलिस को सामग्री के परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम तिलगा स्थित पटेल ढाबा के पास खड़े एक ट्रेलर में बड़ी मात्रा में कच्चा आयरन लोड है, जिसे संदिग्ध परिस्थितियों में ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही चक्रधरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेलर को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में लगभग 8 टन पॉयलट गोली लोड मिली। वाहन चालक और ट्रेलर मालिक से सामग्री के स्वामित्व एवं परिवहन से जुड़े दस्तावेज मांगे गएए लेकिन दोनों कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। प्रारंभिक जांच में पुलिस को सामग्री चोरी की या अवैध तरीके से प्राप्त की गई होने की आशंका हुई। पुलिस ने मौके पर ही ट्रेलर सहित पूरी सामग्री को जब्त कर लिया। जब्त किए गए कच्चे आयरन और वाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 13 लाख रुपए बताई जा रही है। मामले में चालक और वाहन स्वामी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में पॉयलट गोली कहां से लाई गई थी और इसे किसे बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। साथ ही इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

## अधोसंरचना पर सबसे बड़ा निवेश, खनन प्रभावित गांवों की बदलेगी तस्वीर

# पांच साल के भीतर शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल में होगा 758 करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पंचवर्षीय योजना तैयार की गई है। जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफटी द्वारा वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक की अवधि के लिए तैयार इस व्यापक योजना के अंतर्गत 4 हजार 894 विकास कार्यों पर 75,823.45 लाख का निवेश किया जाएगा। योजना का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में स्थायी परिवर्तन लाना है।

विस्तृत सर्वेक्षण एवं वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर तैयार इस योजना को पीएम गति शक्ति पोर्टल तथा ग्राम संपदा पोर्टल से जोड़ा गया है, जिससे कार्यों के क्रियान्वयन, निगरानी एवं मूल्यांकन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। चरणबद्ध क्रियान्वयन के माध्यम से तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति से लेकर दीर्घकालिक विकास एवं आर्थिक स्थायित्व तक के लक्ष्यों को हासिल किया जाएगा। पंचवर्षीय योजना में शिक्षा क्षेत्र को सर्वाधिक प्राथमिकता देते हुए 1,326 कार्यों के लिए 14,974.52 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत विद्यालय अधोसंरचना, डिजिटल शिक्षा, छात्रावास एवं छात्र सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। भौतिक अधोसंरचना के 444 कार्यों के लिए 13,368.26 लाख रुपए, स्वास्थ्य क्षेत्र के 308 कार्यों के लिए 12,773 लाख रुपये तथा पेयजल आपूर्ति के 697 कार्यों के लिए 10,639.30 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं।



### इन विभागों में होगा इतना खर्च

महिला एवं बाल विकास के 1,181 कार्यों पर 5,725.44 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। वहीं कृषि क्षेत्र के 139 कार्यों के लिए 5,555.97 लाख रुपए, पशुपालन के 279 कार्यों के लिए 4,054.68 लाख रुपए तथा कौशल विकास के 199 कार्यों के लिए 3,291.52 लाख रुपए, सिंचाई के 50 कार्यों के लिए 1640.72 लाख रुपए, पर्यावरण संरक्षण के 18 कार्य के लिए 1,419.52 लाख रुपए, स्वच्छता के 222 कार्य के लिए 1,178.90 लाख, वृद्ध एवं दिव्यांगजन कल्याण के 1 कार्य के लिए 904.00 लाख रुपए, ऊर्जा एवं वाटरशेड विकास के 29 कार्य के लिए 172.58 लाख तथा परियोजना प्रबंधन इकाई के 1 कार्य के लिए 125.00 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना के प्रथम वर्ष 2026-27 को क्रियान्वयन का निर्णायक वर्ष माना गया है। इस दौरान 25,555.55 लाख रुपये की लागत से 1,251 विकास कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। शिक्षा क्षेत्र में 337 कार्यों के लिए 4,891.08 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अंतर्गत धरमजयगढ़ में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट की स्थापना के लिए 640 लाख, मॉडल पब्लिक ट्रेनिंग सेंटर के लिए 800 लाख, चार सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना, चार नवीन आदिवासी छात्रावासों के निर्माण के लिए 496.80 लाख, 99 नए स्कूल भवन एवं अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए 1,000 लाख रुपए तथा 144 विद्यालयों के जीर्णोद्धार हेतु 300 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे।

### ऐसे बनाया गया है प्लान

| साल | कार्य | राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 2026-27 | 1,251 | 25,555.55 |
| 2027-28 | 957 | 12,875.52 |
| 2028-29 | 971 | 12,444.10 |
| 2029-30 | 841 | 12,504.80 |
| 2030-31 | 874 | 12,443.48 |

**खबर संक्षेप**

## कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 12 जुलाई को

**जशपुरनगर।** प्रयास आवासीय विद्यालय, डोड़काचौरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 11वीं गणित एवं विज्ञान विषय की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 12 जुलाई 2026, रविवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 11 सीटें रिक्त हैं, जिसमें अनुसूचित जनजाति के 3, अनुसूचित जाति के 4, अन्य पिछड़ा वर्ग के 1 तथा सामान्य वर्ग के 3 विद्यार्थियों का प्रवेश होगा। कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त अभ्यर्थी पात्र होंगे। इच्छुक छात्र-छात्राएं 30 जून तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय, जशपुर या प्रयास आवासीय विद्यालय, डोड़काचौरा से आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ 10वीं की अंकसूची, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार की छायाप्रति एवं 2 फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

## 100 नग नशीली इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** अवैध नशीली इंजेक्शन की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पस्ता पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के पस्ता पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की सफ़ेद रंग की बाइक से शंकरगढ़ से पस्ता की ओर आ रहा है। बाइक सवार के पास भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन मौजूद है। सूचना के बाद पुलिस ने बासेन कोदोडीपा कोलावाड़ी में घेराबंदी कर बासेन निवासी 54 वर्षीय अतिकुर रहमान आ. जसिमुद्दीन को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। इस दौरान आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा। पुलिस ने जब आरोपी के बाइक के डिक्की की तलाशी ली तो उसके पास से 4 शील बन्द पैकेट कुल 100 नग नशीली इंजेक्शन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी से इंजेक्शन, घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त करने के साथ ही आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## चरित्र शंका पर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**अंबिकापुर।** पत्नी को किसी दूसरे व्यक्ति के साथ सोते देख चरित्र शंका पर युवक ने महिला की हत्या कर दी। मर्ग जांच में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुसमी के सामरीपाठ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जून को थाना अंतर्गत ग्राम पश्चिमपारा निवासी 40 वर्षीय सुगदु बिरिजिया आ. किना बिरिजिया ने सूचना दी थी कि बजंती बिरिजिया पति अर्जुन उर्फ टावर की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मर्ग जांच की जा रही थी। मर्ग जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 10 जून को आरोपी अर्जुन उर्फ टावर एवं उसकी पत्नी बजंती बिरिजिया अलग अलग ग्राम टाटी झरिया स्थित साप्ताहिक बाजार गए हुए थे। बाजार से वापस लौटते समय अर्जुन नगेशिया को गांव के कुछ लोगों ने बताया कि तुम्हारी पत्नी बजंती बिरिजिया इंदर के घर के सामने पकरी पेड़ के नीचे किसी व्यक्ति के साथ सोई है।

## एनईएस कॉलेज में कंप्यूटर प्रशिक्षण का समापन

**जशपुरनगर।** शासकीय रामभजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इनमें पहले चरण में बेसिक्स ऑफ कंप्यूटर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पुलिस आरक्षकों हेतु दिनांक 11 मई 2026 से 15 जून 2026 तक आयोजित किया गया।प्रशिक्षण अवधि में जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं डीआईजी डॉ. लाल उमेद सिंह ने आरक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में कंप्यूटर दक्षता एवं साइबर सुरक्षा का ज्ञान पुलिस कर्मियों की कार्यकुशलता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### किसानों के 100 एकड़ भूमि के लिए मिलेगा पर्याप्त पानी

# गुतकिया में पुरानी निष्क्रिय योजना को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के ग्राम गुतकिया में पुरानी निष्क्रिय योजना को मिला नया जीवन, नहर मरम्मत कार्य पूर्ण होने से 100 एकड़ भूमि होगी सिंचित

- रबी और खरीफ की फसल आसानी से ले सकेंगे किसान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत सिंचित कृषि क्षेत्र में विकास के लक्ष्यों की पूर्ति और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप पुरानी योजनाओं को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से जशपुर जिले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।

प्रशासकीय स्वीकृति के पश्चात, जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम गुतकिया में एक अहम सिंचाई परियोजना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। कार्यालय, जिला पंचायत- जशपुर (छग) द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति आदेश के तहत यह मरम्मत कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत स्वीकृत किया गया था। पुरानी निष्क्रिय योजना का पुनर्जीवन यह एक पुरानी योजना थी जो पूरी तरह से निष्क्रिय हो गई थी, जिसे अब प्रशासन की विशेष पहल से पुनर्जीवित कर किसानों के लिए उपयोगी बनाया गया है। स्थान मनोरा विकासखंड की ग्राम पंचायत पण्डरसिली का आश्रित ग्राम गुतकिया। कार्य का नाम गुतकिया व्यपवर्तन योजना नहर मरम्मत कार्य। स्वीकृति राशि इस कार्य के लिए कुल 11.98 लाख रुपए ग्यारह लाख अन्ठानबे हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। क्रियान्वयन एजेंसी जल संसाधन विभाग जशपुर है।

**नहर मरम्मत कार्य के लिए 11 लाख की मिली प्रशासकीय स्वीकृति**





### ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ

ग्राम गुतकिया के किसानों और आदिवासियों को मिलेगा सीधा लाभ इस नहर मरम्मत योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की लगभग 100 एकड़ कृषि भूमि को खरीफ और रबी, दोनों फसलों के लिए सुचारू रूप से सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत सिंचित कृषि क्षेत्र में विकास के उद्देश्य से कराए गए इस कार्य से न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र में निवासरत आदिवासी जनजातियों के जीविकोपार्जन में भी अभूतपूर्व सुधार होगा।

### किसानों में दिख रहा उत्साह

सिंचाई सुविधा सुदृढ़ होने के फलस्वरूप कृषि विभाग द्वारा किसानों को धान के अतिरिक्त अन्य लाभदायक फसलें लेने हेतु भी विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया है, ताकि किसानों की आय में बहुआयामी वृद्धि हो सके। धरातल पर दिखा योजना का असर परियोजना की सफलता को संलग्न तस्वीरों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होने से ग्राम गुतकिया और आसपास के स्थानीय किसानों में भारी उत्साह है। शासन-प्रशासन का यह कदम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कृषि को लाभदायक बनाने और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

# डीईओ ने दिए नए शिक्षा सत्र की तैयारी के निर्देश




**जशपुरनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा ने जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बीआरसी, संकुल प्राचार्य एवं सीएससी को नवीन शिक्षा सत्र की तैयारी शासन के निर्देशानुसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

सभी शाला भवन के परिसर शाला भवन कक्षा के कमरे, फर्नीचर मध्यान भोजन कक्ष बर्तन आदि की साफ- सफाई सुनिश्चित कराए, मध्यान भोजन हेतु खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जावे। शिक्षक उपस्थिति पंजी विद्यार्थी उपस्थित पंजी व अन्य सभी पंजी की तैयारी कर ले व शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु जारी निर्देश अनुसार अध्यापन हेतु समय सारणी पाठ योजना व अन्य सभी अकादमी बिंदुओं की तैयारी सुनिश्चित कर ले ताकि 16 जून से अध्यापन कार्य प्रारंभ हो सके। सोलह जून से ही बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, नए निर्देश अनुसार प्रार्थना के समय एम डी एम से पूर्व, संध्या के समय आयोजित होने वाले गतिविधियों की तैयारी व प्रभारी, तैयारी अनिवार्य रूप से करा लेंगे,निशुल्क पाठ पुस्तक वितरण हेतु हेतु पुस्तकों की उपलब्धता आवश्यकता अनुसार बुक बैंक में पुस्तकों का संकलन गणवेश वितरण की व्यवस्था उपलब्धता अनुसार साइकिल वितरण की तैयारी अनिवार्य रूप से आज सुनिश्चित कर ली जावे।

# शतरंज प्रतियोगिता के संदीप बने विजेता



**जशपुरनगर।** जशपुर चेस क्लब के तत्वावधान में 14 जून 2026 को शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न आयु वर्गों के कुल 44 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें लगभग 30 खिलाड़ी कम आयु वर्ग के रहे।

प्रतियोगिता की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी 9 वर्षीय अनाया सृष्टि लकड़ा रहीं। रैपिड पद्धति से आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच पांच राउंड खेले गए। प्रत्येक राउंड के लिए खिलाड़ियों को 25-25 मिनट का समय दिया गया। प्रतियोगिता का संचालन स्विस मैनेजर सिस्टम के माध्यम से किया गया, जिसमें सभी खिलाड़ियों की पेयरिंग सॉफ्टवेयर द्वारा की गई। प्रतियोगिता का सफल संचालन चीफ आर्बिटर एस.एन.ए. प्रदीप मंडल के निर्देशन में हुआ। प्रतियोगिता में संदीप सौरभ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंकित साहू द्वितीय और अमन रवानी तृतीय स्थान पर रहे। अमन रवानी पूर्व में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेता भी रह चुके हैं। प्रोत्साहन पुरस्कार एलेन राफल लकड़ा, नैना भगत, अक्षत कुमार गुप्ता सहित अन्य खिलाड़ियों को प्रदान किया गया।

### बढ़ती है मानसिक क्षमताः बड़ा

कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा का विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चे और युवा स्मार्टफोन में विभिन्न खेलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, ऐसे में शतरंज एक ऐसा खेल है जो मानसिक क्षमता, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को शतरंज के प्रति रुचि विकसित करनी चाहिए।

### क्लब को मिले 10 चेस बोर्ड

कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के वरिष्ठ नागरिक एवं शतरंज खिलाड़ी अरुण महापात्र के सम्मान और आशीर्वचन से हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव एस.के. वैष्णव, संभागीय कन्वेनर विश्वनाथ मनियन, वरिष्ठ आर्बिटर शेष रतन जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि सुसिमा वेलफेयर के अध्यक्ष सुजीत जायसवाल का स्वागत किया गया। सुजीत जायसवाल ने जशपुर में शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन पर खुशी जताते हुए खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने सुसिमा वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से जशपुर चेस क्लब को 10 चेस बोर्ड प्रदान किए और भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

# विचाराधीन बंदी की मौत पर गरमाई सियासत कांग्रेस ने जिला जेल प्रशासन पर उठाए सवाल

**रायगढ़।** जिला जेल में विचाराधीन बंदी संजय बघेल की संदिग्ध मृत्यु के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। सोमवार को मंडल कांग्रेस कमेटी चक्रधर नगर के अध्यक्ष लोकेश साहू के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

- न्यायिक जांच की मांगए न्याय नहीं मिला तो करेंगे जेल घेराव

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जिला जेल में लंबे समय से विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं और शिकायतों की जानकारी सामने आती रही है। कांग्रेस नेताओं ने संजय बघेल की मौत को संदिग्ध बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी प्रमुख मांगों में संजय बघेल की मृत्यु की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच, जिला जेल अधीक्षक जेलर और संबंधित अधिकारियों को तत्काल पद से हटाने जेल में कथित अवैध वसूली, बंदियों के साथ मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना, चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति तथा अन्य शिकायतों की स्वतंत्र जांच शामिल की है। साथ ही मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग भी की गई है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति की मृत्यु का नहीं बल्कि मानवाधिकारों, जेल व्यवस्था की जवाबदेही और न्याय से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो जिला जेल का घेराव कर व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला कलेक्टर की ओर से डिप्टी कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त किया और मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# ग्रामीणों ने की सरपंच-रोजगार सहायक को पद से हटाने की मांग

**रायगढ़।** जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमटेमा के आश्रित ग्राम सेन्दरीपाली के ग्रामीणों ने मनरेगा कार्यों में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में सरपंच, रोजगार सहायक और पंचायत प्रशासन पर मजदूरी भुगतान, उपस्थिति पंजी तथा मास्टर रोल में गड़बड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में संचालित मनरेगा कार्यों की जानकारी आम जनता और पंचों को नहीं दी जाती। आरोप है कि मजदूरों की उपस्थिति और मास्टर रोल संबंधी अभिलेखों को सार्वजनिक नहीं किया जाता, जबकि कई ऐसे लोगों के नाम पर भी मजदूरी दर्शाई जाती है जो वास्तविक रूप से कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं होते। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कार्य प्रारंभ और समाप्ति के दौरान फर्जी तरीके से जियो-टैगिंग और फोटो अपलोड कर मजदूरी राशि निकालने का प्रयास किया जाता है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पंचायत के विभिन्न मनरेगा कार्यों में बड़ी संख्या में मजदूरों के नाम मास्टर रोल में दर्ज किए जाते हैं, जबकि वास्तविक कार्य और दर्ज मजदूरों की संख्या में अंतर है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत की बैठकों की सूचना पंचों को नियमित रूप से नहीं दी जाती तथा विकास कार्यों, नकद भुगतान, बिल-वाउचर और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की जानकारी भी साझा नहीं की जाती। मनरेगा कार्य 1 जून 2026 से बंद बताए जा रहे हैं, इसके बावजूद पिछले कई दिनों से मजदूरों के फोटो लिए जा रहे हैं और कार्य प्रगति से संबंधित गतिविधियां दिखाई जा रही हैं।




### फर्जी उपस्थिति दर्ज करने का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मजदूरों के फोटो और हस्ताक्षरों का उपयोग कर फर्जी उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में नाराजगी का माहौल बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत, जनपद पंचायत और जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, मनरेगा अभिलेखों का सत्यापन करने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित सरपंच, रोजगार सहायक और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही शिकायतकर्ताओं ने सरपंच को पद से हटाने की कार्रवाई पर भी विचार करने की मांग की है।

## 15 स्कूली बसों की फिटनेस, दस्तावेज एवं सुरक्षा मानकों की जांच

**जशपुरनगर।** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पटनवार एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) केआर चौहान के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस जशपुर, परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से रक्षित केंद्र जशपुर में स्कूल बस जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित शिविर में जिले की 15 स्कूली बसों का व्यापक निरीक्षण किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करना था। जांच के दौरान बसों के पंजीयन प्रमाण पत्र, परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, रोड टैक्स एवं वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की बारीकी से जांच की गई। साथ ही वाहन चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों एवं संकेतों की जानकारी देते हुए सुरक्षित वाहन संचालन, नशामुक्त रहकर वाहन चलाने तथा बच्चों को सुरक्षित तरीके से बस में चढ़ाने एवं उतारने के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई।

# इस बार फिर जर्जर स्कूल में पढ़ेंगे ग्राम पंचायत गंजपुर के विद्यार्थी

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजपुर में शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। यहां कक्षा 5वीं से लेकर 12वीं तक के दर्जनों छात्र-छात्राएं एक ऐसे स्कूल परिसर में पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जहां जर्जर भवन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। भवन की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, छत कमजोर हो गई है और बरसात के मौसम में खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

- 10 सालों से मिलता रहा है आश्वासन, मगर अब तक धरातल पर नहीं बना स्कूल भवन

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से नए भवन निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देकर मामले को टालते रहे हैं। नतीजा यह है कि बच्चे रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने स्कूल पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि बारिश के दौरान भवन की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। छत से पानी टपकता है और दीवारों से प्लास्टर झड़ने लगता है। ऐसे में हर दिन इस बात का डर बना रहता है कि कहीं कोई बड़ा हिस्सा भरभराकर न गिर जाए। जर्जर भवन के साथ-साथ स्कूल में पर्याप्त कक्षाओं की कमी भी यहां बनी हुई है।

## बच्चे स्कूल जाने उत्साहित तैयारी हो गई पूरी

**कोसीर।** लगातार ड़ेढ़ महीने छुट्टी के बाद आज से स्कूलों का पट खुलेगा। बच्चों के चेहरे में फिर से रौनक आने वाली है। कहा जाता है शिक्षा ही जीवन का आधार बिना शिक्षा के जीवन अंधकार है। इसलिए शिक्षा आज सब के लिए जरूरी है उसी उददेश्य को लेकर सरकार आज पूरी स्टीकता पूर्वक कार्य शैली के साथ गांव गांव शहर शहर तक बच्चों की शिक्षा के लिए उत्तम व्यवस्था करने की लगातार कोशिश कर रहे है ताकि कोई भी बच्चे शिक्षा से वंचित न हो। गांव गांव मे स्कूल की वयवस्था वही स्कुलो मे शिक्षा के साथ ही साथ गरीब व असाहय लोगो के लिए निशुल्क प्रवेश माध्यान्ह भोजन स्कूल डेस कापी किताब निशुल्क दी जा रही है उसी क्रम मे आज 16जून को ही बिगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल सत्र पारंभ होने जा रहा है शासन के निर्देशानुसार लगातार दो माह छुट्टी के बावजूद स्कूली बच्चों मे स्कूल जाने के लिए काफी उत्साहित देखने को मिल रहा है वही नए नवेले बच्चे भी स्कूल मे प्रवेश के लिए काफी उत्साहित लग रहे है और वही दूसरी तरफ बात करे कि 16जून स्कूल पारंभ की तो भीषण गर्मी भी पड रही है दूसरे वर्ष की भांति इस बार अधिक तापमान व गर्मी देखने को मिल रहा है क्योकि इस बार जब से बारिश थमा है बारिश की संभावना कम बनी है मानसून भी दस्तक नहीं दे रहा है जिसके कारण भी भारी गर्मी व तेज पडने लगा है। ऐसे स्थिति मे नन्हे नन्हे बच्चो का ऐसे तेज धूप व भीषण गर्मी मे स्कूल जाना भी पालको के लिए संसय की स्थिति बनी हूई है। अब देखना होगा की बच्चों की स्कूल जाने की उत्सूकता गर्मी पर भारी पडेगी या फिर भीषण गर्मी को देखते हूए शासन प्रशासन कूछ मंथन करेगी।

### प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

# मोदी सरकार ने 12 वर्षों में रचा विकास का नया इतिहासः पाणिग्रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को जशपुर भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं।

- रेल परियोजना की अधिसूचना को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि




**भारत राष्ट्र के रूप में उभरा भारतः** श्री पाणिग्रही ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत एक समृद्ध, सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसानों के हित, युवाओं के रोजगार, जनजातीय विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना तथा लखपति दीदी जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।


पत्रकार वार्ता को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 12 वर्षों तक देश का सफल नेतृत्व करते हुए भारत को विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए शिखर पर पहुंचाया है। यह 12 वर्षों का कार्यकाल भारत के इतिहास का स्वर्णिम और ऐतिहासिक काल रहा है। प्रधानमंत्री स्वयं को प्रधान सेवक मानते हुए ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास₹ के मंत्र के साथ 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता में पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, पत्थलगांव विधायक गोमती साय एवं जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### लगातार बढ़ी वैश्विक प्रतिष्ठा

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री, आत्मनिर्भर भारत अभियान, बढ़ता विदेशी निवेश और मजबूत विदेश नीति ने दुनिया में भारत की साख को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। साथ ही कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, जनजातीय गौरव दिवस, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसे ऐतिहासिक कार्यों ने देश की सांस्कृतिक विरासत को भी नया सम्मान दिलाया है। बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना के साकार होने से जशपुर सहित पूरे क्षेत्र में विकास, व्यापार, उद्योग, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### इनकी रही उपस्थिति

पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, कपिल देव साय, आनंद शर्मा, संतोष सिंह, आलोक सारथी, राजकपूर भगत, श्रीनायक मिश्रा, रूपेश सोनी, मुनेश्वर सिंह केसर, दिनेश प्रसाद, शरद चौरसिया, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार दृश्यम-3

**नई दिल्ली।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता मोहनलाल की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं, उनके लिए एक खुशखबरी है। प्राइम वीडियो पर 'दृश्यम 3' को 18 जून को रिलीज होगी। भारत समेत 200 से अधिक देशों के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। मलयालम के अलावा यह फिल्म तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषा में डब किए गए संस्करणों में भी उपलब्ध होगी। रिलीज के बाद से ही फिल्म 'दृश्यम 3' ने अच्छा कलेक्शन किया है।

## लाइफ Style



# नोरा

## यहां तक पहुंचने के लिए जिंदगी भर मेहनत की

अभिनेत्री और बेहतरीन डांसर नोरा फतेही ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। उनका परफॉर्मेंस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। हाल ही में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की और शकीरा, बर्ना बॉय, केटी पेरी जैसे बड़े स्टार्स के साथ लाइन-अप का हिस्सा बनने पर भी चर्चा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओपनिंग सेरेमनी में अपने गाने 'सीर सीर' पर परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'इस अनुभव ने निश्चित रूप से एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे बेहतर बनाया है। यह एक सफर बेहतरीन रहा। जब मैं जनवरी में मोरक्को में एएफसीओएन मैच देख रही थी, तो मैंने हर गेम के दौरान स्टेडियम में लगभग 70,000 फैंस को 'सीर सीर' के नारे लगाते सुना और मैं हैरान रह गई। उस एनर्जी ने मुझे प्रोड्यूसर संजॉय से संपर्क करने और उनसे इस नारे का इस्तेमाल करके वर्ल्ड कप एंथम बनाने के लिए कहने के लिए प्रेरित किया।' इसके अलावा, दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के साथ लाइन-अप में शामिल होने के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'इतने बड़े मेनस्ट्रीम लाइन-अप का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक रहा है! मैं टोरंटो में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया, जबकि शकीरा और बर्ना बॉय ने मैक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। मैंने इस लेवल तक पहुंचने और ऐसे स्टार्स के साथ मौके शेयर करने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत की है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना जो अलग-अलग कल्चर और स्टाइल को एक साथ लाता है, मुझे याद दिलाता है कि ग्लोबल कनेक्शन बनाने में संगीत कितना ताकतवर हो सकता है।

## हॉलीवुड मसाला



# बेबी बंप के साथ दिखीं एलिजाबेथ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्कारलेट विच का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एलिजाबेथ ओल्सन को हाल ही में लॉस एंजिल्स के एक रेस्टोरेंट में देखा गया। उन्होंने सफेद बटन-डाउन शर्ट पहनी थी, जिसका निचला हिस्सा थोड़ा खुला था और उनका बेबी बंप साफ दिख रहा था। सड़क पर चलते हुए उन्हें अपना पेट पकड़े हुए देखा गया। अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन प्रेग्नेंट हैं और अपने म्यूजिशियन पति रॉबी अर्नेट के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।



# टॉम के पोस्ट पर फराह ने लिखी दिल की ख्वाहिश...

**मुंबई।** कोरियोग्राफर, निर्देशक और व्लॉगर फराह खान हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज के लिए क्रेजी हैं। सुपरस्टार के लिए उनकी दीवानगी किस कदर है, इसका अंदाजा उनके हालिया कमेंट से लगाया जा सकता है। हुआ यह कि टॉम क्रूज ने हाल ही में स्टीवन स्पिलबर्ग की हालिया रिलीज फिल्म 'डिस्क्लोजर डे' को लेकर पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि टॉम क्रूज के हाथो में स्पिलबर्ग का बस्ट (अर्ध प्रतिमा) है। इसे देख फराह खान ने अपनी ख्वाहिश जाहिर की है। उनकी तमन्ना है कि टॉम क्रूज के हाथों में लगी वह प्रतिमा काश कोरियोग्राफर की होती। फराह ने लिखा है, 'टॉम तुम बेस्ट हो! काश कि ऐसा होता, तुमने जो बस्ट थामा हुआ है, वह मैं होती'।



# चंदू चैंपियन की रिलीज को दो साल पूरे

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 14 जून को फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक ने गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। उन्होंने करीब 18 किलो वजन कम किया था। फिल्म में उनके काम को सराहा भी गया। फिल्म की दूसरी सालगिरह पर कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने लिखा है, 'दो साल पहले, मैंने एक ऐसे इंसान की जिंदगी को जिया, जिसे दुनिया भूल चुकी थी और उसने मुझे उन सभी चीजों की याद दिलाई जिन पर मैं यकीन करता था। मुझे पक्का नहीं पता कि मैं इसे पूरी तरह शब्दों में बयां कर पाया हूं या नहीं, लेकिन मैं कोशिश जरूर करूंगा। यह फिल्म सिर्फ एक ऐसे आदमी के बारे में नहीं है, जिसने हार मानने से इनकार कर दिया, बल्कि यह उन जख्मों के बारे में है जो मेडल बन जाते हैं।




# लेदर जैकेट लुक में नजर आए भाईजान...

**मुंबई।** लगान के 25 साल पूरे होने पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया गया। इस दौरान आमिर के अच्छे दोस्त और अभिनेता सलमान खान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सलमान खान का नया लुक देखकर आमिर और करीना के अलावा फैंस भी दंग रह गए हैं। सलमान खान इस इवेंट में छोटे बाल और हल्की ट्रिम की हुई दाढ़ी में नजर आए। इस नए लुक में वे बेहद फिट और हैंडसम लग रहे हैं। सलमान के नए लुक को देखकर फैंस पूछ रहे हैं कि क्या भाईजान का यह नया लुक निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी63' के लिए है? वहीं, इवेंट के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी में एक वीडियो है, जिसमें निखत खान और रेखा को एक-दूसरे से मुलाकात करते देखा जा सकता है। एक वीडियो सामने आया है।

## टीवी मसाला







# अनिल लेकर आ रहे हैं रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%'

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अपने टेलीविजन दर्शकों के लिए एक नया और अलग अनुभव लेकर आ रहा है। चैनल अपना नया रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। यह शो प्रतिभागियों की समझ, तर्कशक्ति, नजरिए और तेजी से फैसले लेने की क्षमता को परखने वाला एक रोमांचक मुकाबला होगा। आज के दौर में जहां हर तरफ जानकारी की भरमार है, 'इंडिया के टॉप 1%' एक अलग सवाल पूछता है- क्या आप अपनी सोच और समझ के दम पर सबसे आगे निकल सकते हैं? यह शो पारंपरिक क्विज कार्यक्रमों से बिल्कुल अलग है, जहां सिर्फ याद की हुई जानकारी या किताबों का ज्ञान मायने नहीं रखता। इस नए फॉर्मेट में तर्कशक्ति, सामान्य समझ, तेज सोच और दबाव में सही फैसला लेने की क्षमता को सबसे अधिक महत्व दिया जाएगा. शो में आने वाली हर चुनौती इस बात की परीक्षा होगी कि प्रतिभागी जानकारी को कितनी जल्दी समझते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं, समस्याओं का समाधान कैसे निकालते हैं और अहम समय पर कितनी तेजी से सही निर्णय लेते हैं। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ेगा, चुनौतियां भी कठिन होती जाएंगी और सबसे तेज दिमाग वाले प्रतिभागी ही अंत तक टिक पाएंगे। सभी का लक्ष्य एक ही होगा- भारत के टॉप 1% सोचने-समझने वाले लोगों में अपनी जगह बनाना। शो के बारे में बात करते हुए, अनिल कपूर ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत ऐसे लोगों का देश है, जिनकी समझ, नजर और व्यवहारिक बुद्धिमत्ता कमाल की होती है। हमारे देश की किसी भी गली या मोहल्ले में चले जाइए, आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो अपनी सूझबूझ से बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल लेते हैं। इसकी वजह सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव होते हैं।

## 38 की उम्र में मां बनीं सुरभि

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी उन्होंने आज सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित। सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें', सिमर कौर ने लिखा, 'ओएमजी' इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।



# कॉकटेल 2 को मिला ए सर्टिफिकेट 19 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को रिलीज होने वाली है। जब से इस फिल्म का एलान हुआ है, तब से दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी चर्चा है। फिल्म का नाम, गाने, नए चेहरे और इसका युवा अंदाज लोगों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से हरी झंडी मिल गई है। 'कॉकटेल 2' को सीबीएफसी ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि इसे सिर्फ वयस्क लोग ही देख सकते हैं। फिल्म काफी लंबी भी है। इसका कुल रनटाइम 150 मिनट है, यानी 2 घंटे 30 मिनट। इसकी एडवांस बुकिंग 14 जून की आधी रात को शुरू हुई है। 'कॉकटेल 2' तीनों मुख्य कलाकारों के लिए अलग-अलग तरह से खास फिल्म है। कृति के लिए, यह उनके 12 साल के कॅरियर में पहली बार है, जब वह किसी एडल्ट-रेटेड फिल्म का हिस्सा बनी हैं। वहीं, रश्मिका पहले भी ऐसी एक फिल्म कर चुकी हैं। वह एनिमल (2023) में नजर आई थीं। इसे भी ए सर्टिफिकेट मिला था। शाहिद के लिए एडल्ट-रेटेड फिल्में कोई नई बात नहीं हैं।



कमीने (2009), उड़ता पंजाब (2016), कबीर सिंह (2019) और ओ'रोमियो (2026) के बाद यह उनकी पांचवीं ऐसी फिल्म होगी। फ्रेंचाइजी 'कॉकटेल' का पहला भाग 2012 में रिलीज हुआ था। इसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने काम किया था। डायना ने इसी फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। 'कॉकटेल 2' की तरह ही, ओरिजिनल फिल्म को भी होमी अदजानिया ने डायरेक्ट किया था। दोनों फिल्मों के बीच एक मुख्य अंतर है। सीक्वल के उलट पहले भाग को सीबीएफसी से यू/ए सर्टिफिकेट मिला था, जिसका मतलब है कि यह सभी तरह के दर्शकों के लिए थी।

# लता का वो दर्द भरा गीत, 61 साल पहले बना था लड़कियों के टूटे दिल की आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता है। बेशक आज लता दीदी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने कई ऐसे बेहतरीन गीत गाए थे, जो अब भी यादगार माने जाते हैं। इसी आधार पर हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे ही कल्ट सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 61 साल पहले लड़कियों के टूटे दिल की आवाज बना था। बतौर गायिका लता मंगेशकर ने हर किस्म के गीतों को अपनी आवाज दी थी। रोमांटिक हो या फिर मस्तीभरा कोई गाना, लता दीदी की आवाज हर गाने में एक दम फिट बैठती थी। लेकिन, जब बात दर्द भरे नगमों की होती थी तो लता मंगेशकर ने उसमें अपना सौ प्रतिशत दे देती थी और



गाने को इस तरह से गाती थीं कि सुनने वाले की आंखें भर आएं। एक ऐसा ही गीत लता मंगेशकर ने साल 1965 में आई अभिनेता राजेंद्र कुमार और अभिनेत्री साधना की फिल्म आरजू के लिए गाया था, जिसके बोल थे- बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है।

### साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग

एक्ट्रेस साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग आज भी लड़कियों का फेवरेट माना जाता है और जब भी किसी का ब्रेकअप होता है तो लता का ये गीत उनकी प्लेलिस्ट में जरूर सुनने मिल जाता है। फिल्म आरजू के बेदर्दी बालमा तुझको... हिंदी सिनेमा के कालजयी सैड सॉन्ग में से एक है। यही कारण है कि रिलीज के करीब 6 दशक बाद भी इसे श्रोता सुनना पसंद करते हैं और एक कल्ट गीत के तौर पर पहचानते हैं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि बात की जाए लता मंगेशकर द्वारा गाए गए सबसे बेहतरीन सैड सॉन्ग्स के बारे में तो अभिनेत्री साधना का बेदर्दी बालमा तुझको.. गीत उसमें जरूर शामिल होगा। इस गीत को संगीतकार शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने तैयार किया था, जबकि लिरिक्स हसरत जयपुरी की कलम द्वारा लिखे गए थे।

## छोटे पर्दे से सफर शुरू कर बड़े पर्दे पर जमाए पांव

# इन फिल्मों में नजर आई थी सुशांत की दमदार अदाकारी

*नई दिल्ली। लोकप्रिय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे पढ़ाई में अव्वल थे। डांस का उन्हें जुनून था। विज्ञान में दिलचस्पी रखते थे। मगर, प्यार उन्हें अभिनय से हुआ। छोटे पर्दे से सफर शुरू करते हुए उन्होंने बड़े पर्दे पर पांव जमाए। उनका दौर शुरू ही हुआ था कि जिंदगी खत्म हो गई।*

### काय पो चे (2013)

टीवी के कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों में काम करने के बाद, इस फिल्म से सुशांत ने हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की। तीन युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में ईशान के रूप में सुशांत का किरदार खेलों में रुझान रखने वाले एक युवा का है। उसे राजनीति, व्यापार आदि में कोई दिलचस्पी नहीं है लेकिन एक वक्त ऐसा आता है जब ईशान जाने अनजाने में सब कुछ कर जाता है। इस फिल्म के साथ सुशांत अपनी पहली ही परीक्षा में सफल हुए और फिल्म में शानदार अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू के लिए नामित किया गया।

### शुद्ध देसी रोमांस (2013)

इस दूसरी फिल्म में सुशांत को एक रोमांटिक नौजवान के रूप में देखा गया। फिल्म के शीर्षक के अनुसार सुशांत सिंह राजपूत इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों (वाणी कपूर और परिणीति चोपड़ा) के साथ पूरे रोमांटिक व्यक्ति लगे। पर्दे पर जिन दृश्यों को करने में अभिनेताओं को थोड़ी झिझक होती है उन दृश्यों को रघु के किरदार में सुशांत ने बेझिझक किया। इस देसी रोमांटिक कहानी में रघु को युवाओं ने बहुत पसंद किया।



**केदारनाथ (2018)** : केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत शुद्ध भाव से तीर्थ यात्रियों की सेवा करने वाले एक मुस्लिम युवक मंसूर खान के रूप में नजर आए। खालिस ब्राह्मण की लड़की (सारा अली खान) के साथ मोहब्बत करने से मंसूर की दिक्कतें बढ़ती हैं और उसे ब्राह्मणों के कोप का शिकार होना पड़ता है। मंसूर एक साहसी, ईमानदार और चरित्र का साफ शख्स है, जो आपदा आने पर बिना भेदभाव के सभी की मदद करता है।

### डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी (2015)

फिल्म 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' में सुशांत ने शानदार अभिनय किया। वे ब्योमकेश बक्शी के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में सुशांत के साथ आनंद तिवारी और स्वस्तिका मुखर्जी भी मुख्य भूमिका में थे। **IMDb** पर इसे 7.6 की रेटिंग मिली है। आप 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**छिछोरे (2019)** : पिछले साल ही रिलीज हुई फिल्म छिछोरे में अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर अन्नी के रूप में सुशांत अपने बेटे को एक सबक सिखाने के लिए पूरी फिल्म की कहानी रचते हैं। अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों का उदाहरण देकर अन्नी अपने बच्चे को बताता है कि जिंदगी में असफल होने के बाद भी बहुत कुछ होता है। हम फिर से कोशिश कर सकते हैं। कहानी के आधार पर समीक्षकों की सराहना से परिपूर्ण इस फिल्म में सुशांत ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया।

**सोन चिड़िया (2019 )** : 'सोन चिड़िया' फिल्म में सुशांत के साथ मनोज बाजपेयी और भूमि पेडनेकर भी मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत की एक्टिंग ने सबका दिल जीता। वे लखना नाम के बागी (डकैत) की भूमिका में थे। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया। बता दें कि सुशांत की आखिरी फिल्म थी 'दिल बेचारा' थी, जो उनके निधन के बाद साल 2020 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म थिएटर में नहीं आई, बल्कि जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी।

## खबर संक्षेप

### मजाक बना विवाद का कारण, कैंची से किया हमला

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में एक युवक पर कैंची से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर निवासी शंकर सतनामी 13 जून 2026 की सुबह करीब 7.30 बजे अपने मोहल्ले के साथी राजा और गोलू के साथ रानी पठान के घर के पास खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान मोहल्ले का भोला ठाकुर वहां पहुंचा। उसके हाथ में सॉल्यूशन था। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने मजाक में भोला ठाकुर से कहा कि वह सॉल्यूशन क्यों पीता है और उसके सामने न पिए। इस बात पर भोला ठाकुर नाराज हो गया और अपने घर जाकर बाल काटने वाली कैंची लेकर वापस आया। आरोप है कि भोला ठाकुर ने गुस्से में आकर शंकर सतनामी को अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए कैंची से हमला कर दिया। हमले में शंकर के सिर और कान के पास तथा गले के समीप चोट आई है।

### आज से खुलेगा कलमा बैराज गेट, अलर्ट जारी

**सारंगढ़।** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता रायगढ़ ने आम जनता को एलर्ट जारी कर सूचित किया है कि महानदी पर निर्मित कलमा बैराज में 16 जून से 15 अक्टूबर तक बैराज के सभी गेटों को खोला जाएगा, जिससे बैराज के नीचे महानदी में पानी बहाव की मात्रा अचानक अत्यधिक बढ़ सकती है। अतः बैराज के नीचे महानदी में मछली पकड़ना, खेती करना, फसल लगाना एवं नहाना इत्यादि करना सक्त मना है। यदि सर्व साधारण या अन्य किसी द्वारा सूचना का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में होने वाली जनधन की हानि होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं नहीं रहेगी।

### इजराइल में होम बेस्ड केयर गिवर भर्ती

**सारंगढ़।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में नर्सिंग की बुनियादी प्रशिक्षित युवाओं के लिए विदेश में रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। वहीं नौकरी की शुरुआत से सेवा तक का खर्च देखा जाए तो अभ्यर्थी के पास पहले से लाखों रुपए का धन होना आवश्यक है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अंतर्गत भारत इजराइल फ्रेमवर्क एग्रीमेंट के तहत इजराइल में होम बेस्ड केयर गिवर के 3500 पदों पर भर्ती की जा रही है। भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु 25 से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

### उप जेल सारंगढ़ के 500 मीटर तक ड्रोन प्रतिबंध

**सारंगढ़।** कलेक्टर ने उप जेल सारंगढ़ के आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था लोक शांति के लिए जेल परिसर और उसकी बाहर सीमा से चारों ओर 500 मीटर की परिधि के सम्पूर्ण क्षेत्र क़ो तत्काल प्रभाव से उड़ान प्रतिबंधित नो फ्लाइंग जोन किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। शासकीय एजेंसियां या कानून व्यवस्था, सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले ड्रोन इस आदेश से मुक्त रहेंगे।

बालिकाओं के सशक्तिकरण की गौरवशाली यात्रा में जुड़ा एक और अध्याय

# एनटीपीसी लारा ने पांच साल में ढाई सौ बालिकाओं को दी सशक्त भविष्य की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एनटीपीसी लिमिटेड की प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर पहल बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 का भव्य समापन समारोह एनटीपीसी लारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक ईंधन शिवम श्रीवास्तव तथा श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्या, संयुक्त महिला समिति ने मुख्य रूप से सहभागिता करते हुए प्रतिभागी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। वर्ष 2018 में एनटीपीसी द्वारा प्रारंभ किया गया बालिका सशक्तिकरण अभियान कंपनी की एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास के माध्यम से सशक्त बनाना है।

इस अभियान के अंतर्गत अब तक देशभर में 13 हजार से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित एवं सशक्त बनाया जा चुका है। एनटीपीसी लारा वर्ष 2022 से इस अभियान का सफल संचालन कर रहा है तथा अब तक परियोजना के आसपास के गांवों की लगभग 160 बालिकाएँ इस पहल से लाभान्वित हो चुकी हैं। एनटीपीसी लारा अपने परियोजना क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा बच्चों एवं युवाओं के लिए समय-समय पर विभिन्न शैक्षणिक, खेल, कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2026 में आसपास के गांवों से चयनित 90 बालिकाओं ने एक माह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान बालिकाओं को योग, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, डिजिटल साक्षरता, खेलकूद, कला एवं शिल्प, संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा विभिन्न जीवनोपयोगी विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता तथा सकारात्मक सोच का विकास करना था। अपने संबोधन में शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि बालिका सशक्तिकरण केवल सामाजिक विकास का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब एक बालिका शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनती है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र पर पड़ता है। उन्होंने एनटीपीसी लारा द्वारा अभियान के सफल संचालन की सराहना करते हुए बालिकाओं को बड़े सपने देखने तथा उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव ने प्रतिभागी बालिकाओं द्वारा प्रदर्शित आत्मविश्वास, प्रतिभा और उत्साह की सराहना की।

## ऊर्जा और पर्यावरण के संतुलन की दिशा में एनटीपीसी की पहल



ताप विद्युत संयंत्र देश के विकास और प्रगति की रीढ़ माने जाते हैं, क्योंकि वे रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ-साथ ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति भी करते हैं। हालांकि, इनके संचालन से उत्पन्न उत्सर्जन तथा स्थानीय ताप प्रभावों के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे में उद्योगों की दोहरी जिम्मेदारी बनती है एक ओर देश की ऊर्जा मांग को पूरा करना और दूसरी ओर पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखते हुए सतत विकास को बढ़ावा देना। संयंत्रों के आसपास हरित क्षेत्र का विस्तार धूल नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा प्राकृतिक आवास निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन्हीं दायित्वों को समझते हुए एनटीपीसी लिमिटेड जैसे ताप विद्युत संयंत्र उन्नत वनीकरण मॉडल अपनाकर हरित आवरण को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में स्थित लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन, एनटीपीसी लिमिटेड की एक प्रमुख इकाई है। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए एनटीपीसी लारा आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ जैव विविधता संवर्धन के लिए नवीन तकनीकों का उपयोग कर रहा है। इन्हीं आधुनिक उपायों में मियावाकी पौधरोपण पद्धति एक वैज्ञानिक एवं प्रभावी मॉडल के रूप में उभरकर सामने आई है, जो सीमित भूमि क्षेत्र में घना और सघन हरित क्षेत्र विकसित करने में सक्षम है।

### खरसिया-घरघोड़ा में बनेगा 9 हजार एमटी क्षमता का गोदाम

**रायगढ़।** कृषि अधोसंरचना के विकास के लिए 4 करोड़ 19 लाख 52 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। इस राशि से जिले में कुल 9 हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले पांच आधुनिक गोदामों एवं कार्यालय भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे किसानों को अपनी उपज के सुरक्षित भंडारण और बेहतर विपणन की सुविधा उपलब्ध होगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि एवं अन्य संबद्ध गतिविधियां सेक्टर के अंतर्गत उच्च प्राथमिकता वाले कार्य के रूप में स्वीकृत इस परियोजना के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़ को कार्य एजेंसी बनाया गया है। सभी निर्माण कार्यों को एक वर्ष अर्थात 365 दिनों में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना के तहत विकासखंड खरसिया के ग्राम पंचायत टेमटेमा में 1800 मीट्रिक टन क्षमता वाले चार गोदामों का निर्माण किया जाएगा। इनमें गोदाम क्रमांक 01 एवं कार्यालय भवन निर्माण के लिए 85 लाख 17 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जबकि गोदाम क्रमांक.02, 03 और 04 के निर्माण हेतु प्रत्येक के लिए 79 लाख 15 हजार रुपए की मंजूरी प्रदान की गई है। इसी प्रकार विकासखंड घरघोड़ा में 1800 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम एवं कार्यालय भवन निर्माण कार्य के लिए 96 लाख 90 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## जिंदल द्वारा आयोजित कैंप में 38 लोगों ने किया रक्तदान

**रायगढ़।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को जिंदल पावर प्लांट तमनार द्वारा फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल सावित्री नगर तमनार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में 38 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को मोमेंटो और सिंटफिकेट देकर सम्मानित किया गया।



रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए विश्व भर में प्रति वर्ष 14 जून को रक्तदाता दिवस वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस रक्तदान करने वालों के लिए समर्पित है। इस अवसर पर जिंदल फाउंडेशन, जिंदल पावर तमनार द्वारा भी वन ड्राप आफ ह्यूमिनीटि, गीव ब्लड सेव लाइफ मानवता की एक बूंदए रक्तदान करें, जीवन बचाएं की थीम पर फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल सावित्रीनगर तमनार में रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने के लिए व्हीपी माइंस राजेष दुबे भी पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि ब्लड केवल मनुष्य के शरीर में बनता है, यह आर्टिफिशियल नहीं हो सकता। इसलिए जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान करना ही एक विकल्प है।

## 1.30 लाख के एसी और पंखे चोरी, दो सगे भाई गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** निर्माणाधीन मकान से एयर कंडीशनर और सीलिंग फैन चोरी करने वाले दो सगे भाइयों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने मकान का ताला तोड़कर करीब 1.30 लाख रुपये मूल्य के चार एयर कंडीशनर और दो सीलिंग फैन चोरी किए थे। पुलिस ने चोरी का पूरा माल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत नरियरा की है। पुलिस के अनुसार झलमला रोड नरियरा निवासी राहुल अग्रवाल ने थाना मुलमुला में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपने निर्माणाधीन मकान में फिटिंग के लिए 17 एयर कंडीशनर और चार सीलिंग फैन सुरक्षित रखे थे। 31 मई की सुबह काम करने वाले कर्मचारी विकास ने उन्हें सूचना दी कि मकान के कमरे का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर चार एयर कंडीशनर और दो सीलिंग फैन गायब मिले। अज्ञात चोर लगभग 1.30 लाख रुपये का सामान चोरी कर फरार हो गए थे। शिकायत के आधार पर थाना मुलमुला में धारा 331(4), 305(ए) एवं 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। जांच के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज में दिखाई दे रहे एक संदिग्ध युवक की पहचान बनाहिल निवासी अमित केंवट के रूप में हुई।

## कोटवारों की साप्ताहिक बैठक से बढ़ेगी गांवों में चौकसी

**पुसौर।** अब पुसौर तहसील और थाना क्षेत्र के कोटवारों की महीने में 4 बार बैठक हो रही है। पहले व तीसरे गुरुवार को तहसील में और दूसरे चौथे गुरुवार को थाने में होने वाली इन बैठकों से गांव गांव तक कानून व्यवस्था की जड़ें और गहरी होंगी। बीते गुरुवार को थाना पुसौर में थाना प्रभारी की अध्यक्षता में कोटवारों की बैठक हुई। पूरे थाना अमले की मौजूदगी में कोटवारों को ग्राम सुरक्षा अफवाहों से बचाव और सबसे अहम साइबर क्राइम व ठगी से ग्रामीणों को आगाह करने के विशेष टिप्स दिए गए। टीआई ने कहा कोटवार हमारे तंत्र की रीढ़ हैं। गांव में कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि पहुंचता है तो सबसे पहले कोटवार से ही संपर्क करता है। आप ही गांव को एक सूत्र में बांधते हैं। कोटवार व्यवस्था सदियों पुरानी है।



रियासत काल से पीढ़ी दर पीढ़ी ये ग्राम प्रहरी शासकीय और सामाजिक हर काम में सबसे आगे खड़े रहते हैं। चुनाव से लेकर जनगणना आपदा से लेकर उत्सव तक कोटवार की मौजूदगी अनिवार्य होती है। शासन इन्हें सेवा भूमि और मानदेय देता है। हालांकि जमीन हर कोटवार की अलग अलग है और मानदेय भी सीमित है फिर भी कर्तव्यनिष्ठा में कोई कमी नहीं आई है। आज के डिजिटल युग में गांवों तक साइबर ठगी पहुंच गई है। भोले भाले ग्रामीण से शेयर कर फर्जी लिंक पर क्लिक कर अपनी जमा पूंजी गंवा रहे हैं। शासन की मंशा है कि कोटवार चौकीदारों के माध्यम से हर घर तक जागरूकता पहुंचे। ये बैठकें इसी दिशा में बड़ा कदम हैं। एक कोटवार रोजाना 100 घरों तक संदेश पहुंचा सकता है। कोटवार संघ के पदाधिकारी विष्णुचरण चौहान ने बैठक के बाद कहा कि शासन ने माह में 4 बैठक का नियम बनाया है। इससे थोड़ी भागदौड़ तो बढ़ी है और गांव की सुरक्षा के लिए हम तैयार हैं। हम शासकीय कार्य में कभी कोताही नहीं बरतते। हमारी एक ही मांग है कि कम जमीन वाले कोटवार भाइयों के मानदेय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार हो ताकि वे बिना आर्थिक चिंता के सेवा दे सकें। पहले माह में एक बैठक होती थी। अब 4 बैठकों से सूचना तंत्र और मजबूत होगा। थाने और तहसील को गांव की हर छोटी बड़ी घटना की तुरंत जानकारी मिलेगी। विवाद समय रहते सुलझेंगे।

हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के साथ खनन प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को मिलेगा बेहतर शिक्षा का आधार

## वनांचल के तोलमा को मिलेगा नया स्कूल भवन, 77.32 लाख में होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत तोलमा में नए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण के लिए 77.32 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत तोलमा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का निर्माण कराया जाएगा।

खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए गठित डीएमएफ निधि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जा रहा है। इस नए विद्यालय भवन के निर्माण से तोलमा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे न केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई का स्तर सुधरेगा, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता और अवसर भी बढ़ेंगे। 11 मई को आयोजित डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसके बाद 27 मई को तकनीकी स्वीकृति और 2 जून को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। इस परियोजना को वित्तीय वर्ष 2026-27 में शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत उच्च प्राथमिकता वाले कार्य के रूप में शामिल किया गया है। स्वीकृत परियोजना के अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग, रायगढ़ संभाग द्वारा कराया जाएगा। विभाग को कार्य प्रारंभ होने की तिथि से 365 दिनों के भीतर निर्माण पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है।

### हर महीने 5 तारीख तक रिपोर्ट देना जरूरी

डीएमएफ शासी परिषद ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कार्य एजेंसी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। कार्यस्थल पर स्थायी सूचना फलक लगाना अनिवार्य होगा, जिसमें योजना का नाम, स्वीकृत राशि, डीएमएफ का लोगो तथा कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता की तिथि स्पष्ट रूप से अंकित होगी। इसके अलावा निर्माण कार्य के प्रत्येक चरण में भौतिक सत्यापन और फोटोग्राफी अनिवार्य की गई है। कार्य प्रारंभ होने से पहले, निर्माण अवधि के दौरान और कार्य पूर्ण होने पर विभिन्न कोणों से फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होंगे। कार्य प्रगति और व्यय की मासिक रिपोर्ट प्रत्येक माह की 5 तारीख तक डीएमएफ कार्यालय को भेजना भी अनिवार्य किया गया है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

